Regarding inclusion of Tribal Area

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): सभापति महोदय, देश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में 740 नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के बजट में किया था । इन विद्यालयों के लिये 38800 शिक्षकों की नियुक्ति भी किये जाने का प्रावधान है । इस ट्राइबल मिशन के लिये माननीय वित्त मंत्री जी ने 15000 करोड रूपये की राशि का आवंटन किया है । करोडों आदिवासी बच्चे इससे लाभान्वित होंगे । मैं इसके लिये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से माननीय जनजातीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बनने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की सूची में मेरे ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आले वाले वाले पोहरी विधानसभा एवं भितरवार विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को शामिल करने का कष्ट करें । धन्यवाद ।